# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| MID TERM EXAMINATION 2022-23 | | |
|---|---|---|
| CLASS-VIII | SUBJECT- HINDI (2ND LANG.) | MAX. MARKS: 80 |
| Date: 27.09.22 | SET: ONE | Time: 2.30 hours |

*General Instructions:*

1. *All questions are compulsory.*
2. *The question paper consists of* 10 *questions divided into 4 Sections.*
3. *There is no overall choice .However, internal choices have been provided.*
4. *This question paper consists of* 5 *printed pages.*

---

(खंड-क)

प्र 1 – निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5

'न अन्याय करो, न अन्याय सहो' 12 वर्षीय राजा ने यह शब्द कहे। इन शब्दों को सुनकर सभी दंग रह गए। यह शब्द थे, पंजाब के महाराजा रणजीत सिंह के। उनका जन्म 13 नवंबर, 1780 को पंजाब के गुजराँवाला में हुआ था। उनके पिता का नाम महासिंह और माता का नाम राजकौर था। बचपन से ही उन्हें विद्यालय जाने का अवसर नहीं मिला, परंतु तलवारबाजी, घुड़सवारी, युद्धकला आदि उन्होंने बचपन में ही सीख ली थी। जब वे छोटे थे,तब पंजाब में सिक्खों के 12 छोटे-छोटे राज्य थे। रणजीत सिंह के पिता एक राज्य के सरदार थे। जब रणजीत सिंह 12 वर्ष के थे, उनके पिता स्वर्ग सिधार गए। रणजीत सिंह अपने पिता की जगह सरदार बने। उन्होंने अपनी वीरता और सूझ-बूझ से पंजाब के सभी राज्यों को संगठित किया। अपनी वीरता,न्यायप्रियता और दया आदि गुणों के कारण वे लोकप्रिय राजा कहलाए।

(i) गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक है-

(क) अन्याय करो और राज करो (ख) अन्याय करो अन्याय सहो

(ग) महाराजा रणजीतसिंह (घ) महाराजा रणजीतसिंह की क्रूरता

(ii) महाराजा रणजीतसिंह का जन्म कब हुआ था?

(क) 14 नवंबर 1780 (ख) 12 नवंबर 1580

(ग) 13 नवंबर 1780 ( घ) 18 नवंबर 1781

(iii) रणजीतसिंह की माता और पिता का क्या नाम था?

(क) राजरानी और महानसिंह (ख) राजकौर और महासिंह

(ग) राज लता और माधवसिंह (घ) राजमाता और महीपसिंह

(iv) रणजीतसिंह ने बचपन में क्या नहीं सीखा था?

(क) धनुर्विद्या (ख) घुड़सवारी

(ग) तलवारबाजी (घ) युद्ध कला

(v) रणजीत सिंह अपने किन गुणों के कारण लोकप्रिय राजा कहलाए?

(क) न्यायप्रियता, दया, लोकप्रियता (ख) दया, वीरता, कायरता

(ग) कठोरता ,न्यायप्रियता, वीरता (घ) वीरता, न्यायप्रियता, दया

प्र 2 – निम्नलिखित गद्यांश को पढकर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5

पंडित रामप्रसाद बिस्मिल उन महान क्रांतिकारियों में से एक थे, जिन्होंने अपने कार्यों से अंग्रेज़ी हुकूमत को हिला दिया था। जब राम प्रसाद आर्य समाज के संपर्क में आए,इनके जीवन में क्रांति आ गई ,इनमें बुराइयों का सामना करने का साहस जाग उठा। उन दिनों स्वतंत्रता आंदोलन ज़ोर पर था । रामप्रसाद को पता चला कि क्रांतिकारी युवक देश में सजग हैं तथा देश की स्वतंत्रता के लिए मर मिटने को तैयार हैं। बिस्मिल क्रांतिकारी संगठन के सदस्य बन गए। इन्होंने एक पुस्तक भी लिखी- 'अमेरीका को स्वतंत्रता कैसे मिली?' इनकी 'स्वदेश-रंग' नामक पुस्तक बहुत प्रसिद्ध है। आंदोलन में धन की कमी एक बहुत बड़ी समस्या थी। धन जुटाने के लिए उन्होंने किसी दीन-हीन को नहीं सताया, बल्कि अंग्रेजों का सरकारी संग्राम में लगा दिया। इसके लिए इन पर मुकदमा चलाया गया। इन्हें फांसी की सजा खजाना लूटने की योजना बनाई। इन्होनें 9 अगस्त, 1925 को काकोरी स्टेशन पर धन लूटकर स्वाधीनता दी गई । पंडित बिस्मिल ने 26 -27 वर्ष की आयु में वह कार्य कर दिखाया, जो लंबी आयु जीने वाले भी नहीं कर पाते थे।

(1) राम प्रसाद के जीवन में परिवर्तन कब आया ?

(क) जब क्रांतिकारियों के संपर्क में आए (ख) जब अमेरीका को स्वतंत्रता मिली

(ग) जब आर्य समाज के संपर्क में आए (घ) इनमें से कोई नहीं

(ii) बिस्मिल ने धन की समस्या हल करने के लिए क्या योजना बनाई?

(क) गरीबों को लूटने की योजना (ख) अधिक परिश्रम करके धन कमाने की योजना

(ग) सरकारी खजाना लूटने की योजना (घ) चंदा इकट्ठा करने की योजना

(iii) खजाना कहाँ लूटा गया?

(क) राजौरी गार्डन (ख) काकोरी स्टेशन पर (ग) वर्धमान स्टेशन पर (घ) कानपुर में

(iv) बिस्मिल महान क्रांतिकारी क्यों कहलाए?

(क) क्योंकि उन्होंने पुस्तकें लिखी थी

(ख) क्योंकि उन्हें फांसी की सजा दी गई थी

(ग) क्योंकि उन्होंने अपने कार्यों से अंग्रेजी हुकूमत को हिला दिया था

(घ) इनमें से कोई नहीं

(v) बिस्मिल की प्रसिद्ध पुस्तक का क्या नाम था?

(क) स्वदेशी (ख) स्वदेशी रंग (ग) स्वदेशी भंग (घ) स्वदेश रंग

## (खंड ख)

प्र 3 - क i) 'कु' उपसर्ग लगाकर दो शब्द बनाइए : 1

ii) 'अतिरिक्त' शब्द में से मूल शब्द व उपसर्ग अलग करके लिखिए : 1

ख - वर्ण-विच्छेद करें- i) इच्छानुसार ( ii) उल्लास 1

ग - निम्नलिखित वर्ण समूह से शब्द बनाएँ - 1

i) प् +र् +अ +य् +ओ +ग् +अ ii) म्+आ+न्+अ+स्+इ+क्+अ

घ - निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए- कोमल, अंत 1

ङ - i) 'पन' प्रत्यय लगाकर दो शब्द बनाइए : 1

ii) 'चमकीला' शब्द में से मूल शब्द व प्रत्यय अलग करके लिखिए : 1

च - i) संधि करें- वेद + अंत , स्व + अर्थ 1

ii) संधि विच्छेद करें- रजनीश, सूर्योदय 1

छ-(i) उचित स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग करके लिखिए: ज़िदगी, स्वच्छदता । 1

(ii) उचित स्थान पर अनुनासिक का प्रयोग करके लिखिए: मूर्तिया, अगूठा । 1

ज- श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्दों के अर्थ लिखिए- अंश, अंस 1

प्र 4 – क- निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए : लहू, सेना 2

ख – निम्नलिखित मुहावरों के वाक्य बनाएँ---- 2

i) ईद का चाँद होना ii) हाथ पाँव फूलना

ग - उचित विराम चिहन लगाइए : 2

i) बिलवासी जी ने कहा आप इस शख्स को जानते हैं

ii) आज मेरी हिंदी की परीक्षा है

घ – वाक्य शुद्ध करके दुबारा लिखिए : 2

i) वह लड़के को बुला लाओ।

ii) बच्चा छत पर से गिर गया ।

## (खण्ड –ग)

प्र 5 - दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दस के उत्तर एक वाक्य में लिखिए | 10

i. बाज का नाम कैसे लिया जाएगा ?
ii. अकबरी लोटा कितना पुराना था ?
iii. लाला झाऊ लाल का मकान कहाँ था ?
iv. लेखक ने बस को किसके योग्य बताया है ?
v. लेखक किसे अपना दुश्मन समझ रहा था ?
vi. 'साखी' शब्द का क्या अर्थ है ?
vii. कवि सुख-दुःख को किस भाव से ग्रहण करता है ?
viii. कवि किस बात के लिए संघर्षरत रहता है ?
ix. बाज और साँप पाठ के लेखक का नाम लिखिए ।
x. अकबर ने ब्राह्मण को कितने लोटे दिए ?
xi. साँप कहाँ रहता था?

प्र 6 - दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए | 12

i. कबीर की साखियाँ हमें क्या संदेश देती हैं ?
ii. डॉक्टर मित्र ने क्या सलाह दी? 'बस की यात्रा' कहानी के आधार पर लिखिए ।
iii. बाज के लिए लहरों ने गीत क्यों गाया था ?
iv. लाला झाऊ लाल के बारे में आप क्या जानते हैं ?
v. कवि ने अपने जीवन को मस्त क्यों कहा है ?
vi. घायल बाज को देखकर साँप खुश क्यों हुआ होगा ?

प्र 7 - दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए | 12

i. भिखमंगों की दुनिया में बेरोक प्यार लुटानेवाले कवि ऐसा क्यों कहता है कि वह अपने हृदय पर असफलता का एक निशान भार की तरह लेकर जा रहा है। क्या वह निराश है या प्रसन्न ?
ii. कबीर घास की निंदा करने से क्यों मना करते हैं?
iii. साँप उड़ने की इच्छा को मूर्खतापूर्ण मानता था । फिर उसने उड़ने की कोशिश क्यों की?
iv. "गज़ब हो गया। ऐसी बस अपने आप चलती है।" लेखक को यह सुनकर हैरानी क्यों हुई?
v. अंग्रेज द्वारा सुनाई गई जहाँगीरी अंडे की कहानी लिखिए ।

## (खंड घ)

प्र 8–निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : 6

क- समय ही धन है

ख- समुद्र-तट की सैर

ग- बच्चों में सोशल मीडिया की आदत

या

चाचा द्वारा दिए गए उपहार के लिए धन्यवाद करते हुए पत्र लिखिए---

प्र 9 - निम्नलिखित में से कोई एक विज्ञापन लिखिए - 5

1- डाबर दंत मंजन के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

2- निखार शैम्पू के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

प्र 10 - दिए गए चित्र को ध्यान से देखकर अपने विचारों को 50-60 शब्दों में लिखिए : 5





===================================